»न्यूज-ब्रीफ

लुनेरा गांव के विकास लांगडी का भारतीय सेना में चयन, क्षेत्र वासियों में खुशी की लहर

टोंक (सीमा सन्देश संवाददाता)। महावीर गुर्जर निवाई । टोंक निवाई उपखंड के लुनेरा निवासी विकास सुपौत्र सुखदेव लांगडी का भारतीय सेना में चयन होने से क्षेत्र में हर्ष और गर्व का माहौल है। विकास लांगडी की इस उपलब्धि से न केवल उनके परिवार बल्कि पूरे गांव का नाम रोशन हुआ है। विकास लांगडी शुरू से ही अनुशासित एवं मेहनती छात्र रहे हैं। उन्होंने कठिन परिश्रम, लगन और दृढ़ निश्चय के बल पर यह सफलता हासिल की है। सेना में चयन की खबर मिलते ही परिवारजनों, रिश्तेदारों और ग्रामीणों ने मिठाइयां बांटकर खुशी का इजहार किया। विकास के पिता प्रधान लांगडी ने बताया कि बेटे का सपना देश की सेवा करना था, जो अब साकार हो गया है। ग्रामीणों ने विकास को सोशल मीडिया शुभकामनाएं देते हुए कहा कि वह युवाओं के लिए प्रेरणास्रोत हैं। विकास लांगडी लुनेरा की इस सफलता पर गांव में बधाइयों का तांता लगा हुआ है और सभी ने उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

एडीजे महेश कुमार पुनिया को पितृशोक

परबतसर (सीमा सन्देश संवाददाता)। अपर जिला एवं न्यायाधीश महेश कुमार पुनिया के पिताजी का गुरुवार की रात्रि को उनके सरकारी बंगले पर निधन हो गया। शवयात्रा के साथ एडीजे महेश कुमार पुनिया के साथ एसीजेएम रामपाल सहित कोर्ट स्टाफ स्टाफ और वकील साथ गए। कोर्ट में वकीलों ने कोर्ट स्टाफ शोक व्यक्त किया और न्यायिक कार्य का स्थगन किया।बार संघ अध्यक्ष अनिल कुमार जोशी, रामनिवास दिवाकर, मुरलीराज सिंह ,सोहनलाल रामावत, दीनानाथ योगी, विजेंद्र सिंह, कन्हैयालाल आचार्य, विनोद बगड़ा, दीनानाथ योगी, राजेश चौधरी, बनवारी लाल शर्मा, हितेंद्र वैष्णव, अश्वनी भादू, आशीष शर्मा, राव शैतान सिंह, मनफूल भादू, नरेश कुमार वैष्णव,रमाकांत पारीक, प्रवीण कुमार सहित सभी वकीलों, रीडर राजेश व्यास, नरेश कुमार, पारीक सहित सभी ने शोक व्यक्त किया।

किसान आयोग अध्यक्ष सी आर चौधरी ने भगवत कथा में भाग लिया

परबतसर (सीमा सन्देश संवाददाता)। किसान आयोग अध्यक्ष सी आर चौधरी साहब को रविवार को नोखा चांदावता में आयोजित ह्लश्रीमद् भागवत कथाह्व के पावन आयोजन में सम्मिलित होने का सौभाग्य प्राप्त हुआ। किसान आयोग अध्यक्ष सी आर चौधरी ने कहा कि भगवत कथा के दिव्य प्रसंगों, भक्तिमय वातावरण और संतों के सान्निध्य ने मन को आध्यात्मिक ऊर्जा से भर दिया। इस पावन आयोजन के लिए समस्त आयोजन समिति को हार्दिक बधाई एवं साधुवाद।

पूर्व विधायक मानसिंह किनसरिया का ग्रामवासियों द्वारा आत्मीय स्वागत किया

परबतसर (सीमा सन्देश संवाददाता)। ग्राम रावा को ग्राम पंचायत मुख्यालय घोषित किए जाने पर ग्रामवासियों द्वारा पूर्व विधायक मानसिंह किनसरिया का रविवार को आत्मीय स्वागत किया गया। ग्रामीणों का कहना है कि यह निर्णय राज्य सरकार की दूरदर्शी सोच और ग्रामीण विकास के प्रति मजबूत प्रतिबद्धता को दशार्ता है। पूर्व विधायक मानसिंह किनसरिया ने कहा कि पंचायत मुख्यालय बनने से क्षेत्र के विकास को नई गति मिलेगी और आमजन को प्रशासनिक सुविधाओं का सीधा लाभ प्राप्त होगा। इस अवसर पर मनोहर सिंह संरपच प्रतिनिधि रूपपुरा , जगदीश प्रसाद रामावत उप सरपंच रावा, दौलत सिंह ,श्री रिडमल शर्मा, उमेदा राम, रिछपाल सिंह, लादू सिंह व गणमान्य नागरिकों, युवा साथियों एवं मातृ शक्ति की गरिमामयी उपस्थिति रही।

मंसापूर्ण बालाजी मंदिर में पौष बड़े का आयोजन किया

डेगाना (सीमा सन्देश संवाददाता)। कितलसर रोड़ स्थित मंसापूर्ण बालाजी

मंदिर में पोश बड़े का आयोजन किया गया। इस अवसर पर बालाजी महाराज का श्रृंगार किया गया।महिलाओ के द्वारा हनुमान चालीसा पाठ व भजनों का आनद लिया।बालाजी महाराज को हलवा व बड़े का भोग लगाया।भक्तो ने बालाजी की महाआरती में भाग लिया।आए हुए सभी भक्तो ने प्रसाद ग्रहण किया।इस अवसर पर गजाधर भूतड़ा,राधेश्याम टेलर,प्रभुराम डूडी,संजय करवा,नवल बल्दवा,रमेश सोनी, राधेश्याम करवा,रामेश्वरलाल खंडेलवाल,राकेश करवा,कल्याण गिरी, ज्या भूतड़ा,सुमित्रा सारडा,राजकुमारी करवा सहित भक्तगण मौजूद थे।

श्री रामानन्द आश्रम श्री परमानन्द धाम के संत सत्यानंद जी महाराज की पुण्यतिथि धार्मिक श्रद्धा पूर्वक मनाई

लोसल (सीमा सन्देश संवाददाता)। कस्बे के श्री रामानन्द आश्रम श्री परमानन्द

धाम के संत सत्यानंद जी गिरी महाराज की पुण्यतिथि आश्रम परिसर में धार्मिक श्रद्धा पूर्वक मनाई गई। आश्रम के पीठाधीश्वर आकांशा नंद गिरी महाराज ने बताया कि इस दौरान सत्यानंद गिरी महाराज की पुण्यतिथि पर शनिवार को समाधी पूजन, श्रृंगार व हवन, महाआरती, रात्रि में शिवार्चना व जागरण का आयोजन किया गया। इस दौरान उच्च कोटि के गायक कलाकारों द्वारा शानदार भजनों की प्रस्तुतियां दी गई।रविवार को गुरु प्रसादी (भण्डारा) का आयोजन किया गया।इस दौरान बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण कर आश्रम में स्थापित बाबा साहब की समाधियां पर मथाटेककर देश में अमन चैन और परिवार में खुशहाली की मन्नतोंतिया मांगी।

जालसू कला में चोरों का आतंक

तीन मकानों के ताले तोड़े, तीन मंदिरों में लाखों की चोरी

मंदिरों से 36 चांदी छत्र,5 सोने के मुकुट सहित भारी माल साफ

सीमा सन्देश संवाददाता

डेगाना । क्षेत्र के जालसू कला गांव में शनिवार देर रात चोरों ने ऐसी बड़ी वारदात को अंजाम दिया,जिससे पूरे गांव में सनसनी फैल गई। एक ही रात में चोरों ने जहां तीन मकानों के ताले तोड़कर चोरी की,वहीं गांव के तीन प्रमुख मंदिरों को भी निशाना बनाते हुए सोना-चांदी के आभूषण,चांदी के छत्र और दानपात्र में जमा नकदी पर हाथ साफ कर दिया।वारदात के बाद से गांव में दहशत का माहौल है,लोग रातभर जागते रहे और सुबह होते ही मंदिरों व चोरी प्रभावित स्थानों पर भीड़ जुट गई।ग्रामीणों के अनुसार चोरों ने पूरी योजना के साथ वारदात को अंजाम दिया।सबसे चौंकाने वाली बात यह रही कि गांव के बीचों-बीच स्थित मंदिरों तक चोर आसानी से पहुंच गए और बिना किसी डर के चोरी कर फरार हो गए।यह घटना गांव में सुरक्षा व्यवस्था की पोल खोलती नजर आई।

गांव के बीच स्थित चारभुजा मंदिर में बड़ी चोरी: सबसे पहले चोरों ने गांव के बीच में स्थित चारभुजा नाथ मंदिर को निशाना बनाया।यहां चोरों ने मंदिर के भीतर प्रवेश कर राधा-रानी का पूरा श्रृंगार उतार लिया। 2 चांदी का मुकुट,एक सोने की आड़ मंदिर में मौजूद श्रृंगार सामग्री,आभूषण और अन्य कीमती वस्तुएं भी चोर ले गए।यह मंदिर गांव का

मुख्य धार्मिक स्थल माना जाता है और यहां रोजाना बड़ी संख्या में श्रद्धालु दर्शन के लिए पहुंचते हैं।ग्रामीणों का कहना है कि मंदिर गांव के मुख्य रास्ते पर स्थित है,इसके आसपास घर और दुकानें भी हैं।इसके बावजूद चोरों का इतनी आसानी से अंदर घुसकर चोरी कर लेना,लोगों को हैरान कर रहा है।मंदिर के पुजारी और भक्तों ने इस घटना को आस्था पर चोट बताया है।

कालका माता मंदिर से 16 चांदी छत्र 1 सोने का मुकुट,4 नेथ, 10 पायजेब,6 जुनजूनिया चोरी : दूसरी बड़ी वारदात कालका माता मंदिर में हुई।यहां चोरों ने मंदिर में रखे 16 चांदी छत्र 1 सोने का मुकुट,4 नेथ,10 पायजेब,6 जुनजूनिया चोरी कर लिए।लेकिन सबसे बड़ा नुकसान मंदिर के दानपात्र से हुआ।मंदिर प्रबंधक के अनुसार दानपात्र पिछले करीब 5 वर्षों से खोला नहीं गया था।अनुमान लगाया जा रहा है कि इस दानपात्र में करीब 7 से 8 लाख रुपये जमा थे।चोरों ने दानपात्र को तोड़कर उसमें रखी पूरी राशि निकाल ली और फरार हो गए।मंदिर प्रबंधन का कहना है कि यह चोरी सामान्य नहीं बल्कि पूरी रेकी और तैयारी के साथ की गई है।क्योंकि चोरों को यह जानकारी थी कि दानपात्र लंबे समय से नहीं खोला गया और उसमें बड़ी रकम हो सकती है।मंदिर प्रबंधक ने बताया कि करीब चार महीने पहले भी चोरों ने दानपात्र तोड़ने का प्रयास किया था,लेकिन उस समय वे सफल नहीं हो पाए थे। उस घटना के बाद भी ग्रामीणों ने सुरक्षा बढ़ाने की मांग की थी, लेकिन ठोस कदम नहीं उठाए गए।इस बार चोरों ने मौका देखकर मंदिर से नकदी के साथ-साथ सोना-चांदी की वस्तुएं भी चोरी कर लीं।

नागणेचा माता मंदिर में सोना-चांदी पर हाथ साफ,दानपात्र तोड़ने की कोशिश: तीसरी वारदात नागणेचा माता मंदिर में हुई।यहां चोरों ने मंदिर में रखे 20 छत्र चांदी का,2 सोना मुकुट के छत्र सहित अन्य कीमती सामग्री चोरी कर ली।इतना ही नहीं,चोरों ने यहां भी दानपात्र तोड़ने का प्रयास किया। हालांकि दानपात्र पूरी तरह टूट पाया या नहीं,इसकी जानकारी मंदिर प्रबंधन द्वारा जांच के बाद सामने आएगी।मंदिर में हुई इस चोरी से ग्रामीणों में नाराजगी और डर दोनों बढ़ गया है।

तीन मकानों के ताले तोड़े, घरेलू सामान भी चोरी: मंदिरों के साथ-साथ चोरों ने गांव में तीन मकानों के ताले भी तोड़ दिए।मकानों से क्या-क्या चोरी हुआ,इसकी पूरी जानकारी पीड़ित परिवारों द्वारा जांच के बाद सामने आएगी।लेकिन ग्रामीणों का कहना है कि चोरों ने रातभर गांव में घूमकर अलग-अलग जगहों को निशाना बनाया और आसानी से फरार हो गए।इससे यह आशंका भी जताई जा रही है कि वारदात में एक से अधिक चोर शामिल हो सकते हैं और उन्होंने पहले से गांव की गतिविधियों पर नजर रखी होगी।

हिंदू सम्मेलन के दिन चोरी से बढ़ा तनाव,यात्रा में देरी: घटना का सबसे संवेदनशील पहलू यह रहा कि रविवार को गांव में हिंदू सम्मेलन आयोजित किया जा रहा था।सम्मेलन के तहत चारभुजा नाथ मंदिर से होकर यात्रा निकाली जानी थी।लेकिन चोरी की सूचना मिलते ही मंदिर में अफरा-तफरी मच गई और कार्यक्रम में भी देरी हुई।ग्रामीणों और आयोजकों में चोरी को लेकर आक्रोश दिखा।कई लोगों ने कहा कि यह वारदात सिर्फ चोरी नहीं,बल्कि गांव की धार्मिक आस्था और सुरक्षा व्यवस्था पर बड़ा सवाल है।

ग्रामीणों में भारी आक्रोश,पुलिस से जल्द कार्रवाई की मांग: सुबह होते ही गांव के तीनों मंदिरों में बड़ी संख्या में ग्रामीण जमा हो गए।लोग मंदिर प्रबंधन के साथ चर्चा करते रहे और पुलिस को सूचना दी।ग्रामीणों का कहना है कि मंदिरों में लगातार चोरी की घटनाएं बढ़ रही हैं,लेकिन समय रहते सुरक्षा व्यवस्था नहीं की गई।ग्रामीणों ने मांग की चोरों को जल्द से जल्द गिरफ्तार किया जाए,चोरी गए सोना-चांदी और नकदी की बरामदगी हो,गांव में रात्रि गश्त बढ़ाई जाए,मंदिरों में सीसीटीवी कैमरे लगाए जाएं,मुख्य रास्तों और मंदिर परिसर में पर्याप्त रोशनी की व्यवस्था हो,संदिग्ध लोगों की पहचान कर पूछताछ की जाए

पुलिस जांच में जुटी,जल्द खुलासे का भरोसा: घटना की सूचना मिलते ही पुलिस को अवगत कराया गया। पुलिस द्वारा मौके पर पहुंचकर मंदिरों और मकानों का निरीक्षण किया जा रहा है।आसपास के रास्तों,संदिग्ध गतिविधियों और संभावित आरोपियों के संबंध में जानकारी जुटाई जा रही है। ग्रामीणों का कहना है कि इस वारदात ने पूरे गांव को झकझोर कर रख दिया है।अब लोग मंदिरों में सुरक्षा को लेकर चिंतित हैं और चाहते हैं कि पुलिस जल्द से जल्द इस चोरी का खुलासा करे।

आस्था पर चोट,सुरक्षा पर सवाल: जालसू कला में एक ही रात में मंदिरों और मकानों में चोरी की यह घटना सिर्फ आर्थिक नुकसान नहीं है,बल्कि यह गांव की आस्था और विश्वास पर भी बड़ा आघात है।मंदिरों में रखी धार्मिक वस्तुएं, श्रृंगार और दानपात्र श्रद्धालुओं की आस्था से जुड़ी होती हैं।ऐसे में इस तरह की चोरी से लोगों के मन में डर और आक्रोश स्वाभाविक है।अब देखना होगा कि पुलिस कितनी जल्दी चोरों तक पहुंचती है और चोरी गया माल बरामद कर ग्रामीणों को राहत दिलाती है। फिलहाल जालसू कला गांव में हर चर्चा का केंद्र यही वारदात बनी हुई है और लोग एक ही सवाल पूछ रहे हैं।गांव के बीचों-बीच मंदिरों में चोरी हुई तो अब कौन सुरक्षित है?

कुचामन में रन फॉर स्वदेशी अभियान का सफल आयोजन

सीमा सन्देश संवाददाता

कुचामन सिटी। भारतीय जनता पार्टी कुचामन शहर द्वारा रन फॉर स्वदेशी अभियान के अंतर्गत रविवार को कुचामन शहर में एक जागरूकता कार्यक्रम का सफल आयोजन किया गया। यह आयोजन भारतीय जनता पार्टी नागौर देहात के रन फॉर स्वदेशी अभियान के जिला संयोजक जसराज खुड़ीवाल के नेतृत्व में भारतीय जनता पार्टी कार्यालय, कुचामन सिटी में संपन्न हुआ।

कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य देश के माननीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के ह्लस्वदेशी अपनाओह्व के संदेश को जन-जन तक पहुँचाना तथा स्वदेशी वस्तुओं के उपयोग एवं उपभोग के प्रति आमजन को जागरूक करना रहा। इस अवसर पर मुख्य वक्ता के रूप में भारतीय जनता पार्टी नागौर देहात के जिला महामंत्री नवनील गोड़ उपस्थित रहे। उन्होंने अपने उद्बोधन में स्वदेशी अपनाने को राष्ट्र निर्माण की दिशा में एक सशक्त कदम बताते हुए कहा कि इस विचारधारा

और सोच के साथ आगे बढ़ने पर भारत एक दिन महाशक्ति के रूप में उभरकर सामने आएगा।

कार्यक्रम के दौरान देवीलाल दादरवाल ने भी स्वदेशी अपनाने के विषय पर अपने विचार व्यक्त किए। मंच का संचालन मंडल महामंत्री सुशील काबरा द्वारा किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत भारतीय जनता पार्टी कुचामन शहर के अध्यक्ष बाबूलाल कुमावत के स्वागत भाषण से हुई। कार्यक्रम के अंत में रन फॉर स्वदेशी अभियान के जिला संयोजक जसराज खुड़ीवाल ने सभी से स्वदेशी अपनाने की अपील की व सभी अतिथियों, पदाधिकारियों, कार्यकताओं एवं आमजन का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में अरुण रिणवा (जिला मंत्री), मूलचंद बागड़ा (पूर्व मंडल अध्यक्ष), राजेंद्र कुमावत, (जिला कार्यकारिणी सदस्य),किशन गुर्जर मंडल उपाध्यक्ष नथमल शर्मा (मंडल उपाध्यक्ष), श्याम चंदेलिया नरसीराम कुमावत अयूब शेख पार्षद गौतम चंदेलिया रामेश्वर कुमावत संदीप जैन मनोहर चावला भंवरलाल चावला सुनील चावला महेश खोखरिया अविनाश राजोरिया, रूप भाटी, सुरेश कुमावत मुरलीधर कुमावत, श्रीमती मुन्नी देवी, श्रीमती शारदा देवी सहित समस्त जिला एवं मंडल पदाधिकारीगण, व्यापारी वर्ग, पार्षदगण, भाजपा कार्यकर्ता एवं बड़ी संख्या में आमजन उपस्थित रहे। सभी उपस्थितजनों ने स्वदेशी उत्पादों के अधिकतम उपयोग का संकल्प लेकर रन फॉर स्वदेशी अभियान को सफल बनाया।

सेवानिवृत्ति पर शिक्षक चोटिया का शिक्षक संघ शेखावत ने किया स्वागत।

डेगाना (सीमा सन्देश संवाददाता) । अध्यापक अमराराम चोटिया के सेवा निवृति समारोह में शिक्षक संघ शेखावत द्वारा किया स्वागत। ग्राम नथावडी के शिक्षक अमराराम चोटिया के सेवानिवृति समारोह में डेगाना एवं भेरूंदा के शिक्षकों ने अमराराम चोटिया के 30 वर्षों की सेवा करने पर शिक्षक संघ शेखावत के संरक्षक सुरेशकुमार डूडी ने चोटिया के सेवाकाल की सराहना कि। नागौर जिला शैक्षिक प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष लालाराम कुलरिया ने चोटिया को मेहनती एवं ईमानदार बताया। इस अवसर पर शिवजीराम महिया सुरेंद्रसिंह करेल पांचाराम गढ़वाल भंवरलाल गोदारा पूराराम मेघवाल रघुनाथ कुलरिया श्रवण मेघवाल सोहनलाल पारीक धमार्राम तेतर वाल मुश्ताक अहमद मोतीराम रिणवा तुलसीराम बाना एवं अधिकारी कर्मचारी एवं गाँव के गणमान्य नागरिक मौजूद थे।

मंगरासी विद्यालय की छात्राओं ने बढ़ाया सीकर का मान

नेटबॉल शिविर व राष्ट्रीय स्तरीय प्रतियोगिता के लिए हुआ चयन

लोसल (सीमा सन्देश संवाददाता) । राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय मंगरासी की होनहार छात्राएं रिंकू कंवर एवं अंबिका सिंह ने खेल जगत में विद्यालय, गांव एवं जिले का नाम रोशन किया है। दोनों छात्राओं का चयन 14 वर्ष आयु वर्ग की नेटबॉल खेलकूद प्रतियोगिता के अंतर्गत राज्य स्तरीय प्रशिक्षण शिविर के लिए किया गया है। यह प्रशिक्षण शिविर डीडवानाझकुचामन में आयोजित किया जाएगा, जिसमें चयनित छात्राएं भाग लेंगी। शिविर में उत्कृष्ट प्रदर्शन के आधार पर छात्राओं का चयन आगामी राष्ट्रीय स्तरीय नेटबॉल छात्रा प्रतियोगिता के लिए किया जाएगा। शिविर उपरांत राष्ट्रीय स्तरीय नेटबॉल छात्रा प्रतियोगिता का आयोजन महाराष्ट्र राज्य में 28 जनवरी से 31 जनवरी 2026 तक किया जाएगा, जिसमें देशभर से चयनित प्रतिभाशाली छात्राएं भाग लेंगी। इस प्रतियोगिता में भाग लेना छात्राओं के लिए न केवल व्यक्तिगत उपलब्धि है, बल्कि यह पूरे क्षेत्र के लिए भी गौरव का विषय है। विद्यालय के कोच राहुल यादव ने जानकारी देते हुए बताया

कि सीमित संसाधनों के बावजूद मंगरासी विद्यालय की छात्राएं निरंतर परिश्रम, अनुशासन एवं खेल भावना के साथ अभ्यास कर रही हैं, जिसका सकारात्मक परिणाम आज सभी के सामने है। उन्होंने कहा कि यह उपलब्धि मंगरासी विद्यालय, ग्राम मंगरासी एवं पूरे सीकर जिले के लिए अत्यंत गर्व की बात है। विद्यालय के प्रधानाचार्य रतन सिंह ने चयनित छात्राओं को इस उपलब्धि पर हार्दिक बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य एवं राष्ट्रीय स्तर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए शुभकामनाएं प्रेषित कीं। छात्राओं की इस सफलता से विद्यालय परिसर एवं गांव में खुशी का माहौल है। विद्यालय परिवार, ग्रामवासियों, अभिभावकों एवं खेल प्रेमियों ने छात्राओं को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य एवं उत्कृष्ट प्रदर्शन की कामना की है।

जामिआ हनफिया नजमुल उलूम मकराना में तकमीले कुरआन का रूहानी माहौल, 20 बच्चों का हुआ दीनी सफर मुकम्मल

सीमा सन्देश संवाददाता

मकराना। जामिआ हनफिया नजमुल उलूम मकराना में शनिवार, 18 जनवरी 2026 को बच्चों की तकमीले कुरआन एवं इस्तिकबालिया समारोह अकीदत, एहतराम और रूहानियत से भरपूर वातावरण में सम्पन्न हुआ। इस मौके पर जामिआ से जुड़े अराकीन, उलेमा-ए-किराम, समाज के गणमान्य नागरिकों और बच्चों के अभिभावकों की गरिमामयी मौजूदगी रही।

कार्यक्रम का आगाज पाक कुरआन की तिलावत से किया गया, जिससे पूरा माहौल इमान-अफरोज हो उठा। इसके बाद जामिआ के सदर जनाब हाजी सद्दीक अहमद चौधरी, सेक्रेटरी हाजी इरफान अहमद भाटी तथा कोषाध्यक्ष हाजी अब्दुल अजीज राठौर ने अइम्मा-ए-किराम और फारिग होने वाले बच्चों—हाफिज, कारी एवं आलिम बनने वाले

विद्यार्थियों—का फूलमालाएं पहनाकर दिली अंदाज में इस्तिकबाल किया। बच्चों की इस बड़ी कामयाबी पर मौजूद उलेमा और समाजजनों ने उन्हें मुबारकबाद देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की दुआ की। इस दौरान यह भी जानकारी दी गई कि जामिआ में 24 जनवरी को सुबह 11 बजे से औरतों का विशेष दीनी प्रोग्राम आयोजित होगा, जबकि 25 जनवरी को सुबह 10 बजे मर्दों का प्रोग्राम रखा गया है, जिसमें बड़ी संख्या में उलेमा-ए-किराम और समाज के लोग शिरकत करेंगे। कार्यक्रम में अंजुमन इस्लाहुल मुस्लिमीन के सदर जनाब मौलाना गुलाम सैयद अली, मौलाना अलीमुद्दीन, मौलाना कमर आलम, समेत कई अइम्मा-ए-किराम ने तशरीफ लाकर बच्चों की हौसला-अफजाई की। अपने संबोधन में उलेमा ने कहा कि आज के दौर में दीनी तालीम के साथ-साथ अखलाकी तरबियत बेहद जरूरी है, ताकि एक बेहतर और नेक समाज की तामीर हो सके। समारोह के अंत में सलातो-सलाम पढ़ा गया और जामिआ की तरक्की, फारिग होने वाले बच्चों की कामयाबी तथा देश में अमन-ओ-शांति कायम रहने के लिए खास दुआ की गई। इस अवसर पर नजमी आला जब अबरार अली अशरफी, ने जानकारी देते हुए बताया कि इस वर्ष जामिआ से कुल 20 बच्चे फारिग हो रहे हैं, जिनमें 9 हाफिज, 8 कारी और 3 आलिम शामिल हैं। यह जामिआ के लिए गर्व का विषय है कि वह लगातार दीनी तालीम के क्षेत्र में सराहनीय कार्य कर रहा है। कार्यक्रम में हाजी उमर सिसोदिया, हाजी मनवार अली भाटी, हाजी अब्दुल हाफिज रांदड़, हाजी मुमताज अली, हाजी सिद्दीकी बेलिम, अनवर गैसावत, रिजवान गैसावत, शकूर चौधरी, यूसुफ राठौड़, शब्बीर गहलोत सहित अनेक समाजसेवी व मेंबरान मौजूद रहे। सभी ने जामिआ की सेवाओं की प्रशंसा करते हुए बच्चों के सुनहरे भविष्य की कामना की।

जब तक मनरेगा सुरक्षित नहीं होगा, तब तक संघर्ष जारी रहेगा : बांगड़ा

डेगाना (सीमा सन्देश संवाददाता) । रविवार को जिला कांग्रेस अध्यक्ष हनुमान बांगड़ा ने बताया कि मनरेगा बचाओ संग्राम के तहत डेगाना विधानसभा की ग्राम पंचायत जाखेड़ा, मांझी, मिठड़िया एवं चांदारूण में हुई जनसभाओं ने यह साफ कर दिया कि अब ग्रामीण चुप बैठने वाले नहीं हैं। केंद्र की तानाशाही मोदी सरकार द्वारा मनरेगा को कमजोर करने की साज़िश के खिलाफ ग्रामीण मजदूरों का आक्रोश सड़कों पर साफ दिखाई दिया।सैंकड़ों की संख्या में ग्रामीणों की गूंजती आवाज ने बता दिया कि मनरेगा कोई भीख नहीं, बल्कि गरीब के सम्मान और रोजगार का अधिकार है।जो सरकार गरीब के हाथ से काम छीनना चाहती है, उसे जनता करारा जवाब देगी।कांग्रेस पार्टी हर मजदूर, हर किसान और हर गरीब के साथ चट्टान की तरह खड़ी है। यह लड़ाई रुकेगी नहीं जब तक मनरेगा सुरक्षित नहीं होगा, तब तक संघर्ष जारी रहेगा। इस दौरान जिला कांग्रेस अध्यक्ष हनुमान बांगड़ा, ब्लॉक अध्यक्ष प्रकाश कूंकणा, पूर्व शहर अध्यक्ष गिरधारी मुंडेल, शहर अध्यक्ष हारून रशीद,प्रभारी हरिराम जाट, मांगीलाल बेनीवाल सरपंच मांझी, भंवरलाल खालिया सरपंच चांदारूण,अमराराम भांभू पूर्व सरपंच ,मोतीराम खालिया,तेजाराम जाजुंदा, बाबू भाई लुहार, भैराराम लोमरोड, छोटूराम गुगडवाल, पुनाराम गोदारा, देवकरण डारा, शिंभू शर्मा, शशिकांत शर्मा, हंसराज राड, प्रहलाद डूकिया, जगदीश जांगिड़,सहित कांग्रेसी मोजूद रहे।

राजनीतिक क्षेत्र में बढ़ते जहरीले वातावरण को समाप्त करना होगा : प्रताप फाऊंडेशन

कुचामनसिटी (सीमा सन्देश संवाददाता)। श्री क्षत्रिय युवक संघ के अनुसांगिक संगठन श्री प्रताप फाऊंडेशन का एक दिवसीय चिंतन शिविर का आयोजन कुचामन स्थित श्री आयुवान निकेतन कार्यालय मे रखा गया जिसमे कुचामन क्षेत्र के राजनीतिक रूप से सक्रिय बंधुओ ने सहभागिता निभाई कार्यक्रम का शुभारंभ श्री क्षत्रिय युवक संघ के संस्थापक और बाड़मेर जैसलमेर के पूर्व सांसद पूज्य तन सिंह जी की तस्वीर पर माल्यार्पण व दीप प्रज्वलित कर किया गया ।संभाग प्रमुख शिम्भु सिंह आसरवा की उपस्थित मे हुए कार्यक्रम मे सभी वक्ताओ ने वर्तमान समय मे राजनीतिक क्षेत्र मे आ रही गिरावट पर चिंतन करते हुए अपने दायित्व निर्वहन पर विचार विमर्श किया कि जिस प्रकार से हमारे पूर्वज बिना किसी भेदभाव के सभी जाति औरश,धर्म के प्रति समान दृष्टिकोण रखकर राष्ट्र निर्माण मे अपना सहयोग किया न केवल सहयोग किया जहा प्राण न्यौछावर करने पडे चाहे मानव मात्र हो या प्राणी मात्र के लिए वहा बलिदान भी दिया देश और धर्म के लिए। वर्तमान समय मे जो राजनीतिक जहरीला वातावरण बना है गावो ,शहरो व राष्ट्र का तब हमारा इस लोकतंत्र मे क्षत्रिय समाज का दायित्व और अधिक बढ गया है इस दायित्व का निर्वाह हम सब को सनातन संस्कृति की परम्परा के अनुसार करते हुए सभी धर्म, जाति के लोगो के साथ होकर इस लोकतंत्र को मजबूत करना होगा ताकि हमारे राष्ट्र का गौरवशाली इतिहास और परम्परा अक्षुण्ण बनी रहे । व आगामी चुनाव मे ये जहरीला वातावरण हावी न हो और अपने क्षेत्र का परस्पर सौहार्द बना रहे ऐसा प्रयास हम सभी मिलकर करे और जहरीले वातावरण का नाश करना होगा ताकि राष्ट्र के प्रति हम अपने दायित्व का निर्वाह कर सके। कार्यक्रम मे तेज सिंह आनन्दपुरा पूर्व उप प्रधान, भगवान सिंह रसाल, श्रवण सिंह खोरण्डी पूर्व सरपंच, शंकर सिंह दौलपुरा जिला परिषद सदस्य, गोपाल सिंह चावडिया अध्यक्ष कॉपरेटिव सोसाइटी, वीरू सिंह करकेड़ी, उदय सिंह खारिया, मोरमुकट सिंह राणासर, दौलत सिंह रांवा, पूर्ण सिंह लाम्बा, सतेंद्र सिंह चितावा, राजेंद्र सिंह प्रेमपुरा, भंवर सिंह टोलडा, दुर्गा सिंह प्रेमपुरा, भगवान सिंह मोतीपुरा, महेश सिंह बरनेल, करण सिंह हीराणी, घनश्याम सिंह दीपपुरा, मान सिंह मोररा, बलवीर सिंह आनन्दपूरा, मेघ सिंह दयालपुरा, भवानी सिंह चावंडिया, लोकेन्द्र सिंह चिराणा उपस्थित रहे।

गृहम हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड

पंजीकृत कार्यालय: छठी मंजिल, बी बिल्डिंग, गंगा टूएनो, लोहेगांव, पुणे, महाराष्ट्र 411014 ब्रांच ऑफ यूनिट: पहली मंजिल, दुकान नं. 131, गोविंदम कॉम्पलेक्स, पुरानी आरटीओ रोड, भीलवाड़ा, राजस्थान-311001

ई-नीलामी- बिक्री सूचना
सरफेसी अधिनियम के तहत सुरक्षित अचल आस्ति की बिक्री

प्रतिभूतिकरण और वित्तीय आस्तियों के पुनर्गठन तथा प्रतिभूति हित का प्रवर्तन अधिनियम 2002(अधिनियम) सहपठित प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम 2002 के नियम 8 व 9 के अधीन अचल आस्तियों के विक्रय के लिए ई-नीलामी बिक्री सूचना

एतद्द्वारा जनसामान्य को और विशेष रूप से ऋणधारकों/सह-ऋणधारकों/बंधककर्ता(ों)/जमानतदार(ओं) को सूचित किया जाता है कि नीचे वर्णित अचल संपत्तियों को **गृहम हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड** (इसके बाद अधिनियम के अनुसार 'सुरक्षित लेनदार' के रूप में संदर्भित किया है) के पास बंधक रखा है, जिसका कब्जा सुरक्षित लेनदार के प्राधिकृत अधिकारी ने अधिनियम की धारा 13(2) के अधीन नोटिस की पालना में अधिनियम की धारा 13(12) सहपठित प्रतिभूति हित(प्रवर्तन) नियम के नियम 8 व 9 में प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए प्राप्त कर लिया है। सुरक्षित आस्तियों को ई-नीलामी के माध्यम से 19.02.2026 को 'जो है जहां है', 'जो है क्या है' और 'वहां जो भी है'के आधार पर बेची जाएंगी। एतद्द्वारा आमजन को सूचित किया जाता है कि हम वेबसाइट: https://www.bankeauctions.com. पर उपलब्ध ई-नीलामी प्लेटफॉर्म के माध्यम से सार्वजनिक नीलामी करने जा रहे हैं। बिक्री के विस्तृत नियम एवं शर्तों के लिए, कृपया जीएचएफएल/सुरक्षित लेनदार की वेबसाइट यानी www.grihumhousing.com पर दिए गए लिंक को देखें।

क्र सं.	प्रस्ताव संख्या ग्राहक का नाम (ए)	मांग सूचना दिनांक और बकाया राशि (बी)	कब्जे का प्रकार(सी)	संपत्ति का विवरण (डी)	आरक्षित राशि (ई)	ईएमडी (आरपी का 10 प्रतिशत) (एफ)	ईएमडी जमा करने की तिथि(जी)	बोली वृद्धि (एच)	सम्पत्ति निरीक्षण तिथि व समय (आई)	नीलामी की तिथि और समय (जे)	ज्ञात भार/ कोर्ट केस, यदि कोई हो, (के)
1.	ऋण संख्या HF0201H20100095 दुर्गा लाल (ऋणधारक) लाड देवी (सह-ऋणधारक)	नोटिस दिनांक: 07.01.2025 कुल बकाया: रु. 539489/- (रुपये पांच लाख उनतालीस हजार चार सौ नवासी मात्र) 07.01.2025 के अनुसार देय व इसपर भुगतान तक 16 प्रतिशत प्रति वर्ष की दर से ब्याज सहित	भौतिक	ग्